नकली मावा मामले में 2 फैक्ट्री सील, 2 गिरफ्तार:पुलिस-डीएसटी टीम की कार्रवाई, 4250 किलो नकली मावा कराया नष्ट

शहर के रीको क्षेत्र स्थित मिठाइयां बनाने वाली दो फैक्ट्रियों पर पुलिस और डीएसटी ने बुधवार को कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों फैक्ट्रियों को सील कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही 4250 किलो मावा नष्ट कराया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रीको स्थित दो फैक्ट्री पर दबिश दी। वहां बड़ी मात्रा में मावा व मावा निर्मित मिठाइयां मिली। इस पर दोनों फैक्ट्री से मावा, सफेद बर्फी, डोडा बर्फी, स्किम्ड मिल्क पाउडर, वनस्पति घी, रिफाइंड तेल, पामोलीन तेल के 13 सैंपल लिए गए है। इस दौरान एक अन्य संदिग्ध अपमिश्रण पाउडर जैसा पदार्थ जिसे अपमिश्रक के रूप में मिलाकर मिठाइयां बनाना पाया गया, जिसके 11 कट्टे (550 किलो) जब्त किए। मौके पर करीब 4250 किलो नकली मावा पुलिस व खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने नष्ट कराया। पुलिस ने रीको स्थित त्यागी इंडस्ट्रीज और अन्वी फूड प्रोडक्ट के रवि जैन और लोकेन्द्र त्यागी को गिरफ्तार कर लिया।

Source:

https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/bharatpur/dholpur/news/police-dst-team-action-4250-kg-fake-mawa-destroyed-129759487.html